सिरमौर के चांदनी गाँव में अनुसूचित जाति परिवार पर हिंसक हमला
'भूमि विवाद' नहीं, दबंगों द्वारा खुले आम गुंडागर्दी और ज़मीन पर कब्ज़ा!
स्वायत फैक्ट फायिन्डिंग दल की रिपोर्ट
नवंबर 2020

1. परिचय: तथ्य शोधक दल की ज़रूरत क्यों?

17 सित्तम्बर 2020 को सोशल मीडिया के माध्यम से सिरमौर जिले में एक अनुसूचित जाति परिवार पर खूनी हमला होने की एक घटना की खबर सामने आई. परन्तु मीडिया की रिपोर्ट देख कर पूरी घटना के बारे में जानना असम्भव था. अनुसूचित जाति विकास संगठन सिरमौर के कार्यकर्ता से बात करने पर पता चला कि मामला काफी संगीन था और हमले में जगिया राम नामक, अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति की ऊँगली काट दी गयी थी - और इस मामले में पहले तो कुछ हमलावरों की गिरफ्तारी हुयी थी परन्तु आगे यह खबर आने लगी कि इनको ज़मानत मिल गयी है. साथ ही, सिरमौर जिले के जातिगत हिंसा और प्रशासन तथा पुलिस की उदासीन भूमिका के इतिहास को देखते हुए एक स्वायत फैक्ट फायिन्डिंग की शीघ्रत: आवश्यकता थी. फैक्ट फायिन्डिंग दल के सदस्य:

- बिमला विश्वप्रेमी, संयोजिका, पर्वतीय महिला अधिकार मंच
- बीरबल, अनुसूचित जाति विकास संगठन, सिरमौर
- गुलाब सिंह, सिरमौर वन अधिकार मंच
- अजय कुमार, सामाजिक-आर्थिक समानता के लिए जन-अभियान
- मान्शी आशर, सदस्य, हिमधरा समूह

दल ने 12 और 13 अक्टूबर को दौरा किया और इसके दौरान गाँव चांदनी में जगिया राम और संतोष देवी से बातचीत हुयी. साथ ही कोली सभा के अध्यक्ष लीलाधर चौहान से फोन पर बात हुयी और DSP पौंटा साहिब और SP नाहन से इस मामले में पुलिस के रुख को समझने के लिए भी मुलाक़ात की गयी.

हिमाचल में अनुसूचित जातियों (SC) की स्थिति पर ज़रूरी आंकड़े

- **17.3 लाख अनुसूचित जाति जन संख्या - कुल जनसंख्या का 26%**
- **प्रदेश की 61% SC जन संख्या सिरमौर, सोलन, मंडी, बिलासपुर, कुल्लू और शिमला में**
- **SC औसत भूमि 0.73 हेक्टेयर और कुल 1.8 लाख SC काश्तकार जिसमें 80% सीमान्त किसान**
- **2019 SC के खिलाफ कुल अपराध-दर 10.9%**
- **SC के खिलाफ कुल अपराध - 2017 में 109, 2018 में 130, 2019 में 189 केस दर्ज**
- **2019 में कुल 111 केस कोर्ट ट्रायल तक पहुंचे और पिछले पेंडिंग केस जोड़ के 520 केस अनुसूचित जाति के खिलाफ अपराध के चल रहे थे.**
- **हिमाचल राज्य में दलितों के खिलाफ अपराध में कन्विक्शन रेट केवल 9%**
- **जिन अपराधों में FIR दर्ज हुयी उसमें IPC की धारा न के बराबर लगी - और अधिकतर केस में अनुसूचित जाति, जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज किये गये**
- **2019 में 8 केस POA की धारा 3(1)(g) यानी भूमि से बेदखली से जुड़े थे**

स्रोत: SC सब प्लान हिमाचल तथा NRCB 2019 रिपोर्ट

2. घटना का विवरण

क. पृष्ठभूमि

जगिया राम पिता नैन सिंह और उनकी पत्नी संतोष देवी, कोली समाज (अनुसूचित जाती से सम्बन्ध रखते हैं) गांव चांदनी (डाकघर भरोग बनेड़ी तहसील कमरऊ जिला सिरमौर (हि0 प्र0)) में अपने दो बेटों के साथ निवास करते हैं. गांव में 40 परिवारों में से केवल 4 ही अनुसूचित जाति के परिवार हैं. अक्टूबर 2016 में जगिया राम ने अपने भाई के नाम पर एक सामान्य जाति के व्यक्ति मोहन सिंह से गांव से सतोण सड़क मार्ग पर 1 बीघा 9 बिस्वा भूमि खरीदी थी. जगिया राम के भाई की सहमति से बैंक लोन लिया और जमीन की निशानदेही करवाई तभी पत्थर पर सफेदी कर के उन्होंने अपनी भूमि की सीमा बाँधी थी.

जगिया राम ने उस भूमि पर JCB के माध्यम से भूमि समतल करवाने का काम शुरू किया. उनका कहना है कि तभी से सामान्य जाति से सम्बन्ध रखने वाले एक परिवार के अनिल कुमार, कुलदीप, सोन सिंह, सुरिंदर, प्रकाश ने हमारी खरीदी गयी भूमि पर जबरन अपना कब्ज़ा जताना शुरू कर दिया. "जब से हमने ये भूमि खरीदी है तब से इस परिवार ने हमारे साथ लड़ाई करना शुरू किया और यह दावा किया की सड़क से लगती भूमि उनकी मल्कियत की ज़मीन है" जगिया राम ने बताया. अगस्त 2017 से ही भूमि पर सवर्ण परिवार द्वारा कब्ज़ा करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है – कभी डरा धमका के तो कभी झूठे इलज़ाम लगा के जगिया राम और उनकी पत्नी को वहां काम करने से रोका गया. जब इस भूमि पर काम शुरू किया तो JCB से पानी की पाइप टूट गयी थी उसके लिए जगिया राम ने प्लास्टिक की पाइप डाली थी.

जगिया राम के अनुसार, "रातों रात इन लोगो ने पूरी पाइप को काट दिया जिसकी शिकायत मैंने थाणे में दर्ज करवाने की कोशिश भी की पर पुलिस की निराशाजनक प्रतिक्रिया रही". इस घटना के बाद 15 जुलाई 2019 को जगिया राम की DM कोर्ट नाहन में विस्तृत शिकायत की कापी संलग्न है **(संलग्न 1)**.

जगिया राम अपनी ज़मीन तथा हमले के स्थल पर

जून 2018 से इस भूमि का कोर्ट में सिविल केस चला हुआ है जो समान्य जाति के अनिल व उसके भाइयों ने किया है . "तहसीलदार और पटवारी भी उनके ही पक्ष में हैं और हमारी सुनवाई सही से नही कर रहे है"- जगिया राम. जगिया राम द्वारा तहसीलदार के खिलाफ मुख्यमंत्री सेवा संकल्प नंबर 1100 पर भी शिकायत की गई थी. क्षेत्र के तहसीलदार ने बिना वजह कोर्ट में जगिया राम पर रू. 5000 जुर्माना भी लगाया था. जगिया राम कहते हैं कि "आज तक यह मालूम नही हुआ कि किस बात का जुर्माना लगाया गया है जबकि मेरे पास भूमि खरीदने के राजस्व दस्तावेज हैं". इन्होंने 3 लाख रुपए का सरिया बजरी मकान व सीमा दीवार के काम के लिए खर्च किया और उनका कहना है कि ये सब भी चोरी कर लिया गया. कोर्ट में मामला चल ही रहा था और कोर्ट ने इस स्थिति में अभी फैसला नहीं दिया था.

ख. हमले वाले दिन का घटना क्रम

जगिया राम का ज़ख्मी हाथ और टूटा फोन

सोमवार 16 सितम्बर 2020 समय दोपहर 11 बजे करीब अनिल कुमार, कुलदीप, सोन सिंह, सुरिंदर, प्रकाश और उनके परिवार की कुछ महिलाओं ने जगिया राम की भूमि पर कांटेदार तार-बाड़ व लोहे के खम्बे लगाने का काम लगा दिया . संतोष जी ने बताया कि "जैसे ही हमें कुछ आवाजें आने लगीं तो मैं और मेरे पति मौके पर पहुंचे और यह देखा तथा उनको तार लगाने से रोका. उन्होंने उसी वक्त हिंसक तरीके से प्रतिक्रिया दी और गाली गलौच कर हम पर हमला कर दिया". आगे दोनों ने बताया कि अनिल ने अपने साथ ली तलवार से जागिया राम की तरफ बढ़ कर उनके ऊपर सीधे वार किया. अपने उपरी शरीर और गर्दन के बचाव में उन्होंने हाथ आगे किया तो वार उनके हाथ पर हुआ और उनकी ऊँगली कट गयी. तब तक जगिया राम अपने फोन पर इस पूरी घटना की रेकोर्डिंग कर रहे थे पर जब उन पर हमला किया गया तो फ़ोन उनके हाथ से गिर गया. आगे संतोष ने बताया कि "परिवार की महिलाएं इस मार पीट में शामिल नहीं थी पर पुरुष थे और वो उनके साथ भी घुसा-लात करने लगे, उनके कपडे फाड़ दिए, उनको निजी अंगों पर छुआ और बाल पकड़ कर घसीटने लगे". जगिया राम ने यह भी बताया कि मौके पर ३ मजदूर थे (जो हमलावरों के साथ बाड़ का काम कर रहे थे और यह भी कोली समुदाय से थे) परन्तु उन्होंने इनका बचाव नहीं किया.

जगिया और संतोष की ज़मीन पर जबरन किया गया तार बाड

लगभग 1.30 से 1.45 मिनट के इस वीडियो में यह साफ़ दिख रहा है कि जगिया पहले मजदूरों से बात करते हुए उनसे पूछ रहा है कि वो किस आधार पर यह तार बाड़ लगा रहे हैं – वह यह भी कह रहा है (मजदूरों को) कि तुम हमारे रिश्तेदार हो (बिरादरी के) तो तुम जाओ यहाँ से बीच में मत पडो (जगिया के अनुसार वो नहीं चाहता थे कि इस मामले में उनको घसीटा जाये). संतोष (पत्नी) की बहस और तार बाड़ हटाने की कोशिश पर उनको ज़बरदस्ती रोकने का प्रयास दिख रहा है और फिर अचानक सफ़ेद कुरते में एक व्यक्ति तेज़ धार हथियार उठा कर जगिया राम जो कि वीडियो रेकोर्डिंग कर रहा था – की तरफ दौड़ता है और सीधे वार करता है – जिसके बाद फोन हाथ से छूट जाता है.

जगिया ने मोबइल फ़ोन उठाया और लहू लुहान अवस्था में अपनी जान बचाने के लिए और दूसरों से मदद मांगने के लिए घर की ओर भागा. इस दौरान अनिल ने पत्थर से जगिया राम के सर को निशाना बना के पत्थर मारना शुरू किया और रास्ते तक पीछा किया. जगिया राम घर पहुंचा और कहा संतोष को बचाओ. संतोष पर हमला जारी था जब बाइक पर जा रहे राहगीरों ने सडक से शोर किया और महिला को छोड़ने की बात की. तब संतोष को उन लोगो ने छोड़ा. घरवालो ने 108 पर कॉल कर के पोंटा साहिब से एम्बुलेंस मंगवाई और 1 बजे हॉस्पिटल ले के गये .

घटना के गवाह और सबूत: घटना के गवाह सूरज सिंह, मोहन सिंह, रण सिंह जो कि हमला करने वाले परिवार के मजदूर की हैसियत से मौके पर मौजूद थे उन्होंने जगिया राम और संतोष के पक्ष में गवाही नहीं दी परन्तु जगिया राम द्वारा बनाई गयी विडियो जो की सोशल मीडिया के माध्यम से सब ने देखी इस मामले में सबसे पुख्ता सबूत है.

पीड़ित परिवार का विवरण

क्र स०	नाम	पिता का नाम	उम्र	लिंग	जाति	पेशा
1	जगिया राम	मैंन सिंह	42	पुरुष	कोली	खेती बाड़ी
2	संतोष देवी	जगिया राम	38	महिला	कोली	खेतीबाड़ी , गृहणी
3	पुत्र	जगिया राम	19	पुरुष	कोली	छात्र
4	पुत्र	जगिया राम	18	पुरुष	कोली	छात्र

हमला करने वालों का विवरण :

क्र स०	नाम	उम्र	लिंग	जाति	पेशा
1	अनिल सिंह तोमर	30	पुरुष	राजपूत	
2	सोहन सिंह तोमर		पुरुष	राजपूत	
3	सुरिंदर तोमर		पुरुष	राजपूत	
4	प्रकाश तोमर	40	पुरुष	राजपूत	
5	कुल्दीप तोमर	42	पुरुष	राजपूत	अध्यापक

जगिया राम द्वारा करवाई FIR की धारायें और उनका विवरण

IPC की धाराएं:

34 (सामान्य आशय को अग्रसर करने में कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कार्य),

323 (जानबूझ कर स्वेच्छा से किसी को चोट पहुँचाने के लिए दण्ड),

326 (तरनाक आयुधों या साधनों द्वारा स्वेच्छापूर्वक घोर उपहति कारित करना),

341 (सदोष अवरोढ के लिये दंड),

354 (स्त्री की लज्जा भंग करने के आशय से उस पर हमला या आपराधधक बल का प्रयोग),

506 (धमकाना)

PoA (SC/ST Act):

3(1)e(अनुसूचित जाति के किसी सदस्य को उसकी भूमि या परिसर से सदोष बेकब्जा करेगा या किसी भूमि, परिसर या जल पर उसके अधिकारों के उपभोग में हस्तक्षेप करेगा),

3(1)f(अनुसूचित जाति के किसी सदस्य को स्ब्बेगारर् करने के लिए या सरकार द्वारा लोक प्रयोजनों के लिए अधिरोपित किसी अनिवार्य सेवा से भिन्न अन्य समरूप प्रकार के बलात्श्रम या बंधुआ मजदूरी के लिए विवश करेगा या फुसलाएगा,

3(1)g (अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के किसी सदस्य को मतदान न करने के लिए या किसी विशिष्ट अभ्यर्थी के लिए मतदान करने के लिए या विधि द्वारा उपबन्धित से भिन्न रीति से मतदान करने के लिए मजबूर या अभित्रस्त करेगा,

3(1)s

4. पुलिस और कोर्ट की प्रतिक्रिया और भूमिका

- जगिया और संतोष दोनों ही 16 – 23 सितम्बर तक पोंटा साहिब हॉस्पिटल में उपचाराधीन रहे. 16 सितम्बर 2020 को पुलिस द्वारा अस्पताल में ही दोनों जगिया राम और संतोष के बयान लिए गए और FIR दर्ज की गयी (126/2020) . **(संलग्न 2 FIR Copy 16/09/20)**

FIR से सम्बंधित कार्यवाही से जुड़े मुद्दे

- **जगिया राम और संतोष देवी ने पुलिस द्वारा जिस तरह से अस्पताल में ब्यान लिए गये उस पर विरोध जताते हुए बताया कि सहानुभूति तो दूर की बात है पुलिस ने जल्दी जल्दी में इलाज के बीच में ही बयान लिया. "हम बयान पढ़ने की स्थिति में ही नहीं थे और पुलिस का रवैया ठीक नहीं था". (संलग्न 3 - 29/09/20 को जगिया राम की पुलिस अधीक्षक सिरमौर को चिट्ठी)**
- **पुलिस का रुख इस बात से भी ज़ाहिर होता है कि इस FIR में अनुसूचित जाति जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम की एक भी धारा नहीं लगाई गयी और इसमें जानलेवा हमला होने के बावजूद IPC धारा 307 नहीं लगाई गयी ना हीं इसमें संतोष जी पर लैंगिक हिंसा करने के लिए कोई धारा लगी.**
- **हिमाचल कोली सभा के लीलाधर चौहान का कहना है कि यह कार्यवाही तभी की गयी जब चिट्ठी पत्री तथा सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस तथा प्रशासन पर दबाव बनाया गया. (संलग्न 4 – अध्यक्ष, कोली सभा की पुलिस अधीक्षक को चिट्ठी)**
- **पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेने के लिए भी 3 दिन का समय लिया**

- 18 सितम्बर को FIR में **अनुसूचित जाति जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1) e, f, g, s को जोड़ने और इसके अंतर्गत कार्यवाही के ऑर्डर SP नाहन द्वारा दिए गये. (संलग्न 5 18/09/20 SP नाहन का आदेश)**

- **इस Updated FIR की कॉपी जगिया राम के पास उपलब्ध नहीं थी और ना ही मेडिकल जांच की रिपोर्ट कॉपी उनके पास थी**

- 18 सितम्बर को 4 आरोपियों (जिनका नाम FIR में दर्ज था) को पुलिस ने हिरासत में लिया.
- आरोपियों की तरफ से cross FIR भी दर्ज की गयी और जगिया राम पर दरांती से वार करने का इलज़ाम लगाया गया. 25 सितम्बर को उच्च न्यायालय में बेल की अपील के बाद आरोपियों को ज़मानत मिल गयी. **(संलग्न 6)**

- **जांच दल के अनुसार यदि पुलिस द्वारा सही तौर पर इस केस में वकील और कोर्ट के सामने तथ्य रखे जाते तो इस मामले में आरोपियों को ज़मानत नहीं मिल पाती. गौरतलब है कि यह मामला कोई अचानक उठा विवाद नहीं था बल्कि 3 वर्षों से जगिया राम को अलग अलग तरीके से आरोपियों द्वारा प्रताड़ित किया गया था और इसमें 2019 जुलाई यानी इस घटना से 1 साल पहले काफी गहन शिकायत के रूप में प्रशासन को पेश किया जा चुका था. इस पूरी स्थिति के मद्दे नज़र कोर्ट को आरोपियों के प्रति कड़ा रुख लेते हुए ज़मानत की अपील खारिज करनी चाहिए थी क्योंकि जगिया राम को पहले ही अंदेशा था कि उसकी जान को ख़तरा है परन्तु फिर भी इसमें पुलिस द्वारा सही और समयबद्ध कार्यवाही न हो पाने के कारण इस प्रकार कि जातिगत हिंसा करने के लिए आरोपियों को बल मिला.**

- DSP पौंटा और SP सिरमौर दोनों ने ही यह ज़ाहिर किया कि पुलिस इस केस में पहले से कार्यवाही के लिए तत्पर रही है और मामले की जांच ठीक से की जा रही है. पीड़ित परिवार को पुलिस सुरक्षा के लिए दो कांस्टेबल उनके घर में तैनात किये हैं.
- **अनुसूचित जाति जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार** मुआवज़े की रक़म की पहली किश्त जगिया राम तथा संतोष के खाते में जमा कर दी गयी है.

- DSP पौंटा का कहना था कि पुलिस अब ज़मीन की पैमाईश भी करवाएगी और फिर अपनी पूरी रिपोर्ट पेश करेगी.

➢ **इस बीच कुछ और चिंताजनक तथ्य सामने आये जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह हमला सोचा समझा था – इसमें जातिगत भेदभाव और हिंसा करने का पूरा इरादा था और इसकी योजना पहले से बनाई जा रही थी तथा जब आरोपियों को हिरासत में लिया गया तो इसको 'सवर्ण जाति की गरिमा' पर चोट का मुद्दा बनाते हुए और हिंसा उकसाने वाली बातें सोशल मीडिया में भी लिखी गयीं. पुलिस तथा प्रशासन ने इस पर क्या कार्यवाही की और क्या यह तथ्य कोर्ट को सौंपे गये यह स्पष्ट नहीं (संलग्न 7**: सोशल मीडिया पर चांदनी मामले में आरोपीयों के पक्ष में कमेंट्स के स्क्रीनशॉट **)**

➢ गौर करने की बात यह भी है कि इस मामले में जो आरोपी ठहराए गये हैं वो केदार सिंह जिन्दान के कत्ल में पाए गये अपराधियों के रिश्तेदार हैं – और जैसे के केदार सिंह जिन्दान की हत्या के बाद हुआ था इस मामले में भी सवर्ण समाज ने मामले को दबाने की पूरी कोशिश की है.

4. सिरमौर में जातीय हिंसा और ज़मीन के मुद्दे - चर्चा

जगिया राम पर हिंसा से ठीक दो साल पहले सिरमौर के गिरी पार के शिलाई क्षेत्र में एक भयानक जातिगत हिंसा की घटना में केदारसिंह जिन्दान नामक एक अनुसूचित जाति सामाजिक कार्यकर्ता तथा वकील को बेहरमी से दिनदहाड़े खुले आम जान से मार दिया गया था. सवर्ण समाज के अपराधियों की ज़मानत के लिए दबाव के बावजूद इस मामले में कड़ी कार्यवाही हुयी क्योंकि इस अपराध को ले कर राष्ट्रीय स्तर तक बात गयी और कई सामाजिक संगठनों, दलित मोर्चों और कुछ राजनैतिक प्रतिनिधियों द्वारा प्रशासन और सरकार से लगातार जवाबदेही मांगने का काम चलता रहा. परन्तु यह निंदनीय है, हालांकि आश्चर्यजनक नहीं, कि केदार सिंह जिन्दान की हत्या के पहले जो उसके और उसके परिवार और समुदाय के साथ घटा उस प्रकार की जातीय हिंसा और भेदभाव का सिलसिला कोई अपवाद मात्र नहीं बल्कि सिरमौर क्षेत्र के गाँव गाँव की कहानी है.

सिरमौर हिमाचल के पूर्वी छोर में स्थित जिला है जिसकी सीमाएं उत्तराखंड और हरियाणा से लगती हैं. गिरि (जो कि यमुना की सहायक नदी है) के वार और पार में बसा ये इलाका जितना प्राकृतिक संपदा से भरपूर है उतना ही कई सामाजिक चुनौतियों का शिकार भी. 30% अनुसूचित जाति की जनसंख्या कम नहीं होती – पर इसके बावजूद यहाँ का अनुसूचित जाति समाज आज भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष जातिवादी हिंसा की चपेट में है. भारतीय समाज में जातिवादी मानसिकता का कब्ज़ा आज़ादी के 7 दशकों बाद भी कायम है **और सिरमौर जैसे पश्चिमी हिमालय के पहाड़ी इलाके की कुछ ऐसी ऐतिहासिक परिस्थितियाँ और सामाजिक -आर्थिक व्यवस्थाएं हैं जो इस मान्यता को जुठ्लातीं हैं कि पहाड़ों में जाति और लिंग आधारित हिंसा प्लेन्स के मुकाबले कम है.**

सिरमौर में स्थानीय आजीविका का स्रोत खेती और पशुपालन है. क्षेत्र के अधिकतर किसान सीमान्त हैं जिनके पास 1 हेक्टेयर से कम भूमि है – परन्तु ऐतिहासिक रूप से भूमिधर लोग सामान्य जाति या राजपूत समुदाय से हैं. पुरानी जजमानी या बेठ प्रथा के अंतर्गत अनुसूचित जाति परिवार तथाकथित उच्च जाति के बंधुआ मजदूर होते थे और कोली समाज जिसकी जन संख्या हिमाचल के दलितों का सबसे बड़ा भाग है – खेतों में काश्तकारी और बाद में अंग्रेजों के लिए आरक्षित वनों में भी इस तरह की मजदूरी करते थे. आज़ादी के बाद भूमि सुधार के कानूनों में यह सुनिश्चित किया गया की ज़मीन पर काश्त करने वालों को मालिकाना हक मिले परन्तु इस कानून का आधा अधूरा क्रियान्वयन हुआ और आज भी यह प्रथा कई जगह जारी है. आज सिरमौर में हजारों एकड़ शामलात भूमि को ले कर भी एक विवाद की स्थिति बन रही है. यह भूमि जो पंचायतों की संपत्ति थी और 1974 में राज्य सरकार के अधीन ले ली गयी ताकि इसका आवंटन भूमिहीनों के बीच किया जाए – इसके तहत पूरे हिमाचल में 1 लाख हेक्टेयर को allotable pool और 3.15 लाख हेक्टेयर भूमि को reserve pool की श्रेणी में डाला गया (चमेल सिंह कमिटी रिपोर्ट 2005). परन्तु आज इस भूमि को ले कर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गयी – एक तरफ वन विभाग इस पर अपना स्वामित्व जताता है तो दूसरी तरफ राजस्व विभाग के माध्यम से क्षेत्र के दबंग सवर्ण परिवार अपना. 2001 में एक अधिसूचना के माध्यम से 'पुराने मालिकों' को 'वापस' लौटाई गयीं ये ज़मीने आज हिमाचल के सोलन, शिमला तथा सिरमौर के दलितों के हाथ से निकल रही हैं क्योंकि राजस्व जमाबंदियों में 'पुराने' मालिक अधिकतर 'सामान्य जाति' के हैं – और यह शामलात भूमि भी उन्हीं की मल्कियत मानी जा रही है. पिछले कुछ वर्षों में अनुसूचित जाति समुदाय पर हिंसा की वारदातें इसलिए भी बढ़ी हैं क्योंकि समुदाय के लोगों ने बंधुआ मजदूरी और कई रूढ़िवादी प्रथाओं को ठुकराया है और संसाधनों पर अपने अधिकार को भी हासिल करने का प्रयत्न किया है. दूसरी तरफ ज़मीन के बढ़ते दामों और पूंजीवादी अर्थव्यवस्था

में निजी संपत्ति पर कब्ज़ा जमाने के लिए दबंग समुदाय आगे हैं. इस फैक्ट-फायिन्डिंग के दौरान एक पुलिस अधिकारी के अनुसार अनुसूचित जातियों के खिलाफ अपराधों में धारा 3(1)(g) (ज़मीन से बेदखली) के मामले आधिक नजर आ रहे हैं. ज़मीन और प्राकृतिक संसाधनों के मालिकाना अधिकार में वंचित जातियों के साथ न्याय का मुद्दा और इन समुदायों के खिलाफ हिंसा के मुद्दों में परस्पर सम्बन्ध देखना आवश्यक है ताकि दोनों समस्याओं का निवारण हो सके.

5. सिफारिशें और सुझाव

क. जगिया राम और संतोष देवी पर जातीय हिंसा के मामले में तुरंत उठाने वाले कदम:

- **हिंसा का प्रकार केवल गंभीर ही नहीं था बल्कि यह लम्बे समय से बार बार प्रताड़ना के इतिहास के बाद जानलेवा हमला था और इसमें एक अनुसूचित जाति महिला पर लैंगिक हिंसा भी शामिल है.** आज जगिया राम का परिवार पुलिस की सुरक्षा के बावजूद मानसिक तनाव और दहशत में जी रहा है. **इसमें न्याय के लिए पहला कदम यही होगा की अपराधियों की ज़मानत रद्द की जाए और उनको तुरंत हिरासत में लिया जाये.**
- पुलिस को अपनी कार्यवाही सुदृढ़ और न्यायपूर्ण तरीके से करते हुए इसमें IPC की धारा 507 को जोड़ना चाहिए. इस कार्यवाही में 4 व्यक्तियों पर FIR की गयी है जबकि उस दिन मौके पर और लोग भी मौजूद थे – इस की पूर्ण और कड़ी जांच होनी चाहिए और सभी व्यक्ति जिन्होंने इस हिंसा में भाग लिया उनका नाम FIR में जोड़ा जाना चाहिए
- साथ ही ज़मीन की पैमाईश को निष्पक्ष तरीके से करवाने के लिए एक स्वायत कमिटी का गठन किया जाना चाहिए जिसमें रिटायर्ड राजस्व अधिकारी, सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी तथा सामाजिक संगठन के एक प्रतिनिधि मौजूद हों
- पुलिस की सुरक्षा तब तक मिलनी चाहिए जब तक कि केस की सुनवाई संपन्न नहीं होती

ख. हिमाचल तथा सिरमौर में जातीय हिंसा से निपटने के लिए राज्य सरकार और प्रशासन के द्वारा निम्न कदम उठाने चाहिए

- **राज्य में तुरंत अनुसूचित जाति आयोग का गठन होना आवश्यक है** ताकि जातिगत भेदभाव एवं हिंसा के मामलों की जांच तथा निपटारे के लिए एक स्वतंत्र संस्थान पुलिस और प्रशासन से जवाबदेही ले सके
- **सिरमौर में प्रशासन और पुलिस को जातिगत हिंसा, भेदभाव और इसके निवारण में प्रभावशाली तथा निष्पक्ष रूप से कार्यरत होने के लिए संवेदनशील बनाना** – इसके लिए सामाजिक संस्थानों और विशेषज्ञों द्वारा ख़ास प्रशिक्षण का आयोजन समय समय पर किया जाना चाहिए
- **प्रदेश में दलितों और भूमिहीन समुदायों के भूमि के मसले अत्यंत गंभीर हैं और अक्सर जातिगत हिंसा का आधार भी**. मुख्य रूप से इसमें ज़मीन पर कब्ज़ा होने पर पट्टा न होना और पट्टा होने पर कब्ज़ा न होने जैसी समस्याएं शामिल हैं. इन मामलों को समयबद्ध तथा न्यायपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए सरकार को कदम उठाने चाहिए. हम अपील करते हैं कि राजस्व जमाबंदियों में जिनको नौतोड एल्लोट की गयी थी उनको पट्टा प्रदान करने चाहिए
- इसके अलावा वन अधिकार कानून 2006 का प्रभावी और शीघ्र क्रियान्वयन होना चाहिए. वन भूमि पर 13 दिसंबर 2005 के पहले से काबिज़ अनुसूचित जाति समुदाय के लोग इस कानून के तहत 'अन्य परम्परागत वन निवासियों' की श्रेणी में आते हैं और अपने सामूहिक तथा निजी दावे भर सकते हैं.
- 'साथ ही सिरमौर में शामलात भूमि का 2001 के संशोधन का नकारात्मक प्रभाव भी नज़र आ रहा है जिसकी वजह से आजीविका कमाने लायक भूमि भी अनुसूचित जाति के परिवारों के हाथों से छिन रही है – इस सन्दर्भ में शिलाई के SDM द्वारा लिया गया निर्णय न्यायपूर्ण रहा – इसका क्रियान्वयन करना चाहिए तथा 2001 के संशोधन को वापिस लेते हुए जो तक्सीमें 2001 के बाद की गयी हैं उनको रद्द किया जाना चाहिए.
- अनुसूचित जातियों की ज़मीन से बेदखली के मामलों में गंभीर और तुरंत कार्यवाही होनी चाहिए जिसमें **अनुसूचित जाति जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1)(g) लगाना अनिवार्य है.**

6. संलग्न

संलग्न 1: जगिया राम द्वारा की गयी शिकायत 15/07/19

BEFORE THE DISTRICT MAGISTRTE, DSTRICT SIRMAUR, AT NAHAN HIMACHAL PRADESH

232
26819

Jagia Ram aged about: 42 yrs. caste : Koli(Scheduled caste) son of Sh. Nath Singh, r/o Village Chandni P.O.Bharog Baneri Tehsil Kamrou Dist. Sirmaur, HP. through GPA of Sh.Naresh Kumar caste : Koli(Scheduled Caste)by profession : Serving in Para Military Force posted at Agra (UP).

Applicant /Complainant

Versus

1. Anil Singh s/o late Dharam singh, [
2. Kuldeep Singh s/o late Dharam singh, [
3. Randeep Singh s/o late Dharam singh, [all residents of village Chandni,
4. Sohan Singh s/o Bhup Singh [P.O. Bharog Baneri Tehsil Kamrou
5. Surender singh s/o Bhup Singh, [Distt. Sirmaur, HP.
6. Smt. Bimla Devi w/o Randeep Singh, [
7. Balbir Singh s/o Mata Ram, [
8. Ramesh chand s/o Salag Ram, [
9. Daya Ram s/o Uday Singh, [
10. Barhma Nand s/o Daulat Ram [

...Non-applicants/Respondents

Complaint U/s 3 (1) clause 3(1)(iv) (v) (viii) (ix) (x) (xi) (xiii) (xiv) & clause (xv) of SCST (Prevention of Atrocities) Act 1989, for taking necessary legal action against the respondents / non-applicants, for committing atrocity on the applicant and his family members to assess the extent of atrocity , loss of life, loss and damage to the property of the applicant and his family, wrongfully occupying the landed property of the applicant, dispossessing the applicant and his family members , interfering with the enjoyment of the rights over the land comprised in 389/342/9 measuring 1-9 bighas, situated at Mohal Chandni, restraining from raising construction of residential house over the land of the applicant/GPA, intentionally insulting intimidating and humiliating the family members of the applicant in any place within public view, removing the drinking water pipes / sources ordinarily used by the members of the applicant and forcing or causing the family members of the applicant to leave their house, village other place of residence, directing the Superintendant of Police Sirmaur / Dy. Superintendent of Police of Sirmaur District at Nahan for lodging FIR against the respondents/ non-applicants as per law and the family of the applicant may be providing security for causing loss to the life and property of the applicant and his family members.

SHO PS PNT
Please do as per law

Sub Divisional Police Officer
Paonta Sahib, Distt. Sirmour (H.P.)
26. 8. 19

Respectfully Sheweth :-

That the brother of the applicant, sh. Naresh Kumar is Serving in the Indian Army as Para Military force posted at Agra, (UP), who purchased the land comprised in Khasra No. 389/342/9 measuring 1-9 bighas, situated at Mohal Chandni, Tehsil Kamrou Dist. Sirmaur, HP, from Sh. Mohan Singh s/o Narayan singh, r/o Chandni Tehsil Kamrou in the year 2016.

2 That the applicant is appointed as GPA by his brother Sh. Naresh Kumar , being serving in Indian Army as Para Military Force and for and on behalf of his brother, Sh. Naresh Kumar executed GPA duly registered in the office of Sub Registrar Kamrou in favour of the applicant for all acts, deeds and things qua the above said land.

3 That Naresh Kumar through GPA Sh.Jagia Ram applicant got demarcation qua land vide Missal No. 28/17 dated 16.5.2017 through A.C. 2nd grade Kamrou under order No. 384 dtd. 26.4.2017 and survey marks were fixed on the boundary lines and the father of the applicants No.1 & 2 was also present alongwith his relatives and other respectable persons and applicant and respectable persons were satisfied with the demarcation conducted by the revenue agency, but the father of respondents No.1 & 2 was dissatisfied with that demarcation and refused to got his signature for appearance and satisfaction.

4 That the father of the respondents No.1 & 2 got demarcated the land of the applicant through Revenue agency with the help of Police agency vide Missal No. 35/2017 measuring 1-09 bighas, and the survey marks were fixed on the boundary lines of the land of the applicant properly as per procedures and by this demarcation, the applicant and father of the respondent No.1 & 2 was satisfied with the demarcation, but when the applicant requested the revenue agency to get demarcate the possessed land of the father the applicants No.1 & 2, the father of the applicants no.1 & 2 refused to demarcate their land with a view to malafide intention that the respondents No.1 to 4 have grabbed the land of the HPPWD comprised in khewat khatauni No. 1min/43 bearing khasra No.390/ 342/9 min measuring 16-11-00 bighas,

5 That the brother of the applicant raised House loan from SBI Branch Dadahu Dist. Sirmaur, HP, for Rs.13.00 lacs in Aug.2017, and same was got sanctioned, but the respondents No.1 to 4, started tortured and restrained the applicant and his family from raising construction of residential house carrying the building materials to the said land, without having any right title and interest and starting insulting , maltreating and threatened the applicant and his family members to finish their life and property with dire consequences .

6 That to the father of the applicant , the respondents No.1 to 4 gave threatening that until or unless the family of the applicant leave the house and village, they will humiliate and become the life of the applicant and his family hell and since then the applicant and his family members are apprehended from the illegal acts, conducts and threatening.

7 That the applicant filed a civil suit for permanent prohibitory injunction restraining the respondents No.1,2 & 4, from interfering in the peaceful possession of the applicant by erecting fencing barbered wire in the land themselves or through their agents, servants or assignees in any manner whatsoever till the disposal of the main suit, and stay has been granted continuously , against the respondents No.1,2 and 4, but the respondents No.1 2 and 4 (defendants) to counterblast the case of the applicant, filed civil suit qua the land comprised in khasra No.390/342/9 , which is illegally possessed by the respondents No.1,2, & 4 and with a view to grab the HPPWD land pertaining to the possessed land of the respondents No.1,2 4, the respondents are having malafide intention to grab the purchased land of the applicant and with might is right , with muscle powers, the respondents with committing conspiracy by filing false complaints to drag the applicant and his family in litigation , are compelling and forcing the applicant and his family members to leave the house and village Chandni and shift to another place other than the Village Chandni, as such, the applicant and his family members belong SCHEDULE CASTE and financial and politically weak and can not face the dire consequences and affray of the respondents.

8 That on 16.6.2019, the respondent No.6 with the help of young boys and girls, of her neighboring hood, tress passed into the land of the applicant, and cut and fell the Shisham tree early in the morning having with Darat and destroying the Drinking water pipe duly using by applicant and his family for drinking water supply purpose, to prevent the villagers from obtaining the drinking water there from, which was jointed through the landof the applicant, with a view to put the villagers in suspense with a view to raise objection so that the blame will be upon the applicant, these type of illegal activities and conspiracy have been committed by the respondent No.6, duly committed on the instance of the respondents No.1,2 & 4.

9 That the applicant filed complaint to the Police PP Rajban regarding the cutting felling of the Shisham tree of the applicant, but no hearing was effected by the Police PP Rajban and the Rajban Police supporting the Rajput Family of the applicants No.1 ,2 & 4, the inaction was taken against the respondent No.6.

10 That the applicant time and again has been humiliated by the respondents No.1,2 & 4 with the help of other respondents and respondents No.7 to 10 are close relative and neighbour of the respondents No.1,2, & 4 .

11 That the respondents No.1,2, & 4 are muscle power and one of the respondents, Mr. Anil Singh had been always wrong intention against the Scheduled Caste and Scheduled Tribe communities due to Reservation and a written note for abusing the Scheduled Caste and Scheduled Tribe and abusing to the Police of Himachal Pradesh blaming the police for adverse behaviour towards Rajputs, these words humiliating the scheduled caste by respondent No.1 coating "*Sewa me, Mananiye Mukhyamantri*

H.P., Shrimaan Ji, Main Anil Singh Tomar Gaon Chandni, SirmuarHimachal Pradesh Aaj apne Pure Hoshoawas se aapse nimn Jati aur Bikau Puloce Vibhag ke ravaiye so Tang Aakar ICHHA MRITYU kei Anumati Chahata hun, Mera Dosh sir Itna hai ke main Swaran jati se Tallukh rakhta Hu. KJash main bhi schedule caste me Paida Huwa Hota. Nimn Jati ke logon drawra Jhuthe Aropoo aur Police ke laparwah Raveaiye ke karan mainyaha nirnay lya hai. Ghut Ghut kar jeene se behtar hai ke mar jaun kyonki sare Niyam Kaide to inke liye hi bane hai Par jata jate ek Aadhe Ko lekar Jaunga. Aap bas inhe he protection de . Hame Mout to dedo. Khatam karo ye Jativaad ka Kanoon aur hame bhi jeene do Aaram se." Dhanyabad , prarthi: Ail Singh Tomar (Anil) Mob. 91-9805397143.

12 That since the summer vacation has been effected, the family of the respondents No.1,2 and 4 are tress passing and cutting the leaves and grass from the land of the applicant and the respondents have become the life of the applicant and his family members miserable and hell and complicated the life and fear of attack in the rainy season, the respondents have their malafide intention that they can result into murder of the applicant and his family members.

